बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800001

(पंजीयन सं.–633/2003)

Website : basabihar.in, E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,

सुशील कुमार

मो.–9431091417

E-mail : shushilkumar09@gmail.com

महासचिव,

खुर्शीद अनवर सिद्दिकी

मो.–9771048046

E-mail : siddiquikhursheed1@gmail.com

उपाध्यक्ष,

किशोरी पासवान

कमलेश सिंह

संयुक्त सचिव

अतुल कुमार वर्मा

कुमार रविन्द्र

कोषाध्यक्ष

मिथिलेश कुमार साहु

संयुक्त कोषाध्यक्ष

मृणायक दास

पत्रांक : 40 दिनांक : 25-8-2017

सेवा में,

मुख्य सचिव,
बिहार।

विषय :– माननीय सांसद श्री कीर्ति झा आजाद के द्वारा अधिकारियों के विरूद्ध असंसदीय एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक जिला ईकाई दरंभगा द्वारा सूचित किया गया है कि माननीय सांसद श्री कीर्ति झा आजाद के द्वारा बाऊर, धनश्यामपुर के कमला–बलान के टूटे तटबंध के भ्रमण के दौरान आम जनता के बीच अधिकारियों के विरूद्ध असंसदीय एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके उनके द्वारा सरकारी काम–काज के प्रति अंसतोष व्यक्त करते हुए जनता को उसकाने के लिए भड़काउ भाषण दिया गया। माननीय सांसद द्वारा जनता के बीच अधिकारियों के विरूद्ध असंसदीय एवं अमर्यादित भाषा ''धोती खोलकर, माथा मुड़बाकर, गदहा पर चढ़ाकर घुमायेगें'' का प्रयोग किया गया।

जिला ईकाई दरंभगा द्वारा इस घटना कि निन्दा करते हुए यह निर्णय (प्रति संलग्न) लिया गया कि चूँकि माननीय सांसद के साथ रहने पर विधि व्यवस्था में संकट उत्पन्न हो सकती है। इसलिए बासा के सभी सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से निन्दा प्रस्ताव पारित करते हुए आगे से उनके कार्यक्रम/बैठक में भाग नहीं लेने तथा उनका बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ माननीय सांसद के द्वारा असंसदीय एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने की घोर निन्दा करता है एवं जिला ईकाई दरंभगा के द्वारा माननीय सांसद के कार्यक्रम/बैठक का बहिष्कार करने के निर्णय का समर्थन करता है।

जिला ईकाई दरभंगा द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि चूँकि आपदा का कार्य मानव सेवा का कार्य है, इसलिए इस कार्य को सभी बासा के सदस्यों के द्वारा निष्ठापूर्वक किया जाता रहेगा। संघ इसके लिए जिला ईकाई को धन्यवाद ज्ञापित करता है।

संघ का भवदीय से अनुरोध है वर्णित घटना की उच्च स्तरीय जाँच करायी जाय एवं माननीय सांसद पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाय।

(खुर्शीद अनवर सिद्धिकी)
महासचिव

(सुशील कुमार)
अध्यक्ष

<u>प्रतिलिपिः</u>— सम्पादक, सभी दैनिक समाचार पत्रों हिन्दी/अंग्रेजी को प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(खुर्शीद अनवर सिद्धिकी)
महासचिव

आज दिनांक 24.8.17 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की दरभंगा ईकाई की विकास भवन,लहेरियासराय में हुई आपातकालीन बैठक की कार्यवाही ।

उपस्थिति- पंजी के अनुसार

कार्यवाही- 1

अनुमंडल पदाधिकारी,बिरौल ,जिला-दरभंगा ने अपने पत्रांक 763 दिनांक 22.8.17 से सूचना दी है कि दिनांक 22.8.17 को माननीय लोक सभा सांसद श्री कीर्ति झा आजाद के द्वारा बाउर, धनश्यामपुर के कमला-बलान के टूटे हुए तटबंध के भ्रमण के दौरान आम जनता के बीच अधिकारियों के विरुद्ध असंसदीय एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके उनके द्वारा सरकारी काम-काज के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए जनता को उसकाने के लिए भड़काउ भाषण दिया गया ।

माननीय सांसद द्वारा जनता के बीच अधिकारियों के विरुद्ध असंसदीय एवं अमर्यादित भाषा "धोती खोलकर, माथा मुड़वाकर, गदहा पर चढ़ाकर घुमायेगें" का प्रयोग करने के कारण बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य मर्माहत है तथा इसकी घोर भर्त्सना करते हुए सरकार से इस पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अनुरोध करते है ,ताकि बाढ़ पीड़ितों की सेवा अबाध रुप से किया जा सके । माननीय सांसद के साथ रहने पर विधि व्यवस्था में संकट उत्पन्न हो सकती है । इसलिए बासा के सभी सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से निन्दा प्रस्ताव पारित करते हुए आगे से उनके कार्यक्रम /बैठक में भाग नहीं लेने तथा उसका बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया ।

सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि चूँकि आपदा का कार्य मानव सेवा का कार्य है, इसलिए इस कार्य को सभी बासा के सदस्यों के द्वारा निष्ठापूर्वक किया जाता रहेगा।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी ।

सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इसकी सूचना बासा के केन्द्रीय समिति को देते हुए अपने स्तर से सरकार को संसूचित करें ।

ह०/-
अध्यक्ष ।
बासा,दरभंगा जिला

ज्ञापांक 01/बासा दिनांक 24/8/17

प्रतिलिपि सभी सदस्य,बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, दरभंगा जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि अध्यक्ष/सचिव, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, केन्द्रीय समिति, बिहार,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि वरीय पुलिस अधीक्षक,दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी,दरभंगा को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अध्यक्ष ।
बासा, दरभंगा जिला